गत तीन वर्षों में भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा आयात की गई वस्तुएं

5120. **श्री मोहन भैय्या : क्या इस्पात और खान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों मे वर्षवार भिलाई इस्पात संयंत्र ने विदेशों से कुल कितनी मात्रा मे वस्तुओं का आयात किया,

(ख) क्या यह सच है कि अधिकांश मशीनें सोवियत संघ से खरीदी गई है; और

(ग) क्या यह भी सच है कि इन उपकरणों को कम मूल्य पर अन्य देशों से भी खरीदा जा सकता था और यदि हां, तो उन्हें सोवियत संघ से ही खरीदे जाने के क्या कारण हैं ?

इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री करिया मुण्डा) : (क) से (ग). जानकारी प्राप्त की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायेगी।

गत तीन वर्षों के दौरान मिस्र, ईरान और अन्य देशों को निर्यात किया गया इस्पात

5921. **श्री मोहन भैय्या : क्या इस्पात और खान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों (1975–76, 1976–77 और 1977–78) के दौरान मिस्र, ईरान और अन्य देशो को कितने इस्पात का निर्यात किया गया ; और

(ख) 1975–76 के दौरान मिस्र और ईरान को किन-किन एजेंसियो के माध्यम से इस्पात का निर्यात किया गया और एजेंसियों को कमीशन की कितनी राशि दी गई ?

इस्पात और खान मंत्री (श्री बीजू पटनायक) : (क) एक विवरण संलग्न है।

(ख) इस्पात का निर्यात करने वाले सरकारी क्षेत्र के उपक्रम द्वारा यह जानकारी देना उनके वाणिज्यिक हित में न होगा।

विवरण

हजार टन

	1975–76	1976–77	1977–78 (अप्रैल से दिसम्बर, 1977)
मिस्र . .	36.3	197.8	112 7
ईरान . . .	112.1	184.7	85.5
अन्य देश . . .	359.5	1030.5	679.0